केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन(मुख्यालय)
Kendriya Vidyalaya Sangathan (HQ)
**18,संस्थागत क्षेत्र,शहीद जीतसिंह मार्ग**
18, Institutional Area Saheed Jeet Singh Marg
नई दिल्ली/New Delhi-**110016**
फोन न./Phone no.26858570, फैक्स/ FAX 26524580
**वेबसाइट**/Website: www.kvsangathan.nic.n

फा. सं. 110336/01/2019-20/केविसं(मुख्या.)/शैक्षिक/ईबीएसबी/2665-2695 दिनांक 25/04/2019

उपायुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
समस्त क्षेत्रीय कार्यालय

**विषय :- केविसं राष्ट्रीय एकता पर्व 2019-20 के संबंध में**

महोदया / महोदय,

केविसं द्वारा केविसं राष्ट्रीय एकता पर्व का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, भारतीय कला एवं संस्कृति के प्रति सम्मान तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों की प्रतिभा को विकसित करना है। इस वर्ष केविसं राष्ट्रीय एकता पर्व का आयोजन दिनांक 31 अक्तूबर से 03 नवंबर, 2019 तक दिल्ली में किया जाएगा तथा इस कार्यक्रम में निम्नवत 3 समूहों में प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी :-

**समूह – क : एक भारत श्रेष्ठ भारत**

1. **एक भारत श्रेष्ठ भारत के उद्देश्य निम्नवत हैं :--**

(i) अपने देश की अनेकता में एकता की विशेषता को मनाने तथा देश के लोगों के मध्य पारंपरिक विद्यमान भावनात्मक बंधनों के सामासिक धागों को न केवल सुदृढ़ करना अपितु उन्हें बनाए रखना।

(ii) देश के सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के संबंध में वर्षभर की योजनाबद्ध व्यवस्था के माध्यम से गहन तथा संरचित व्यवस्था के द्वारा राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देना।

(iii) लोगो को भारत की विविधता को बेहतर ढंग से समझने तथा उसकी सराहना करने हेतु सक्षम बनाने के लिए दो राज्यों की समृद्ध विरासत, संस्कृति, प्रथाओं, परम्पराओं इत्यादि का प्रदर्शन करना ताकि इस प्रकार सामान्य पहचान की भावना को बढ़ावा मिल सके।

(iv) दीर्घकालीन व्यवस्थाएँ स्थापित करना।

(v) ऐसा वातावरण तैयार करना जिसमें सर्वोत्तम कार्य-प्रणाली तथा अनुभव को साझा करने हेतु राज्यों के मध्य अधिगम को प्रोत्साहित किया जाता है।

**2. एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतियोगिताओं तथा प्रतिभागियों की संख्या का विवरण :**

| क्र. सं | प्रतियोगिता | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय समूह नृत्य | 13 |
| 2. | अंतर्राष्ट्रीय समूह नृत्य | 13 |
| 3. | राष्ट्रीय समूह गान | 12 |
| 4. | अंतर्राष्ट्रीय समूह गान | 12 |
| 5. | थियेटर / रंगमंच | 7 |
| 6. | ऑन द स्पॉट पेंटिंग | 1 |
| 7. | एकल गान | 1 |
| 8. | एकल शास्त्रीय नृत्य | 1 |
| 9. | एकल वाद्य | 1 |
| 10. | कलाकृतियाँ / परियोजना की प्रदर्शनी | 2 |
| | कुल | **63** |

**समूह – ख : केविसं – साहित्य उत्सव**

**1. केविसं साहित्य उत्सव के उद्देश्य निम्नवत हैं :-**

(i) विद्यार्थियों की साहित्यिक क्षमता को प्रकट करना।

(ii) साहित्यिक कौशलों को बढ़ावा देना।

(iii) प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर का मंच उपलब्ध करवाना।

(iv) परस्पर सहयोग द्वारा अधिगम को बढ़ावा देना।

**2. प्रतियोगिता तथा प्रतिभागियों की संख्या**

| क्र. सं. | कार्यक्रम | समूह | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | वाद-विवाद (हिन्दी तथा अँग्रेजी) | | 4 |
| 2. | प्रश्नोत्तरी | | 2 |
| 3. | संस्कृत श्लोक वाचन | 2(VI to VIII तथा IX to XII) | 1+1 |
| 4. | अँग्रेजी वक्तृत्व | 2(VI to VIII तथा IX to XII) | 1+1 |
| 5. | हिन्दी काव्य पाठ | 2(VI to VIII तथा IX to XII) | 1+1 |
| 6. | स्पैल – बी | 2(VI to VIII तथा IX to XII) | 1+1 |
| 7. | रचनात्मक लेखन | 2(VI to VIII तथा IX to XII) | 1+1 |
| 8. | कहानी सुनाना | 2(VI to VIII तथा | 1+1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | IX to XII) | |
| कुल योग | | | 18 |

केविसं राष्ट्रीय एकता शिविर में प्रत्येक संभाग से भाग लेने वाले कुल 81 प्रतिभागी तथा 8 एस्कॉर्ट शिक्षक (गायन तथा वाद्य प्रतियोगिता में सहयोग हेतु भाग लेने वाले दो शिक्षकों सहित) शामिल हैं।

**1. समूह – ग : केविसं के शिक्षकों के लिए संगीत तथा कला प्रतियोगिता**

**केविसं के शिक्षकों के लिए संगीत तथा कला प्रतियोगिता के उद्देश्य :-**

(i) शिक्षकों की संगीत की कलात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देना।
(ii) प्रतिभाशाली शिक्षकों को उनके संगीत तथा कलात्मक कौशल बनाए रखने हेतु प्रोत्साहित करना।
(iii) विशेष क्षमताओं वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर का मंच तथा पहचान प्रदान करना।

**2. प्रतियोगिता तथा प्रतिभागियों की संख्या**

| क्र. सं | श्रेणी | शिक्षकों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | संगीत गायन | 1 |
| 2. | संगीत वाद्य | 1 |
| 3. | कला – रचनात्मक कार्य | 1 |
| 4. | कला – परंपरागत / लोक कार्य | 1 |
| 5. | कला – सजीव कार्य | 1 |
| 6. | कला – कलाकृतियाँ / मूर्तियाँ | 6 |
| कुल योग | | 63 |

**समस्त संभागों से केविसं राष्ट्रीय एकता पर्व 2019 में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की संख्या इस प्रकार है :-**

| | |
|---|---|
| विद्यार्थी | 81 |
| एस्कॉर्ट शिक्षक<br>(जिनमें 2 सहयोगी भी सम्मिलित हैं) | 08 |
| संगीत प्रतियोगिता शिक्षक | 02 |
| कला प्रतियोगिता शिक्षक | 04 |
| कुल | 95 |

**प्रक्रिया**

1. **प्रत्येक दल का नेतृत्व उपायुक्त द्वारा दल के प्रमुख के रूप में** किया जाएगा तथा उन्हें सहयोग प्रदान करने **के लिए दल के दो टोली प्रबन्धक (एक पुरुष तथा** एक महिला प्राचार्य) होंगे।

2. एक भारत श्रेष्ठ भारत के विजेता मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित कला संगम में भाग लेंगे। इसी प्रकार शिक्षकों के लिए आयोजित की जाने वाली संगीत तथा कला प्रतियोगिता के विजेता राष्ट्रीय संगीत कला संगम 2019 में भाग लेंगे।

3. केविसं राष्ट्रीय एकता पर्व 2019 (एक भारत श्रेष्ठ भारत, केविसं साहित्य उत्सव तथा केविसं के शिक्षकों के लिए आयोजित संगीत तथा कला प्रतियोगिता) दिनांक 31 अक्तूबर से 03 नवंबर 2019 तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

4. उपायुक्त, केविसं, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली द्वारा इस कार्यक्रम के आयोजन की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही उपायुक्त, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली से यह भी अनुरोध है कि वे इस कार्य के लिए प्राक्कलन सहित विस्तृत कार्य-योजना दिनांक 31.07.2019 तक अधोहस्ताक्षरी के पास प्रस्तुत करें।

**कार्य-रीति**

1. **राष्ट्रीय एकता पर्व – एक भारत श्रेष्ठ भारत 2019-20** के लिए विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों को आबंटित राज्यों तथा देशों का विवरण **अनुलग्नक – I** में उपलब्ध है। सामाजिक विज्ञान के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि वे विद्यालय / क्लस्टर / संभागीय तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए प्रदर्शित की जाने वाली प्रस्तुती हेतु उत्तम संदर्भ / लेख / सामग्री इत्यादि एकत्रित अथवा तैयार करें। **अनुलग्नक - III के अनुसार प्रत्येक संभाग द्वारा केविसं राष्ट्रीय एकता पर्व – एक भारत श्रेष्ठ भारत में तीन परियोजनाएँ प्रस्तुत की जाएगी।**

2. एक भारत श्रेष्ठ भारत के विचार को सशक्त करने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर कलाकृतियों की प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। संभाग द्वारा विश्व और देश की समृद्ध विरासत तथा कला के स्वरूपों को प्रदर्शित करने हेतु केविसं राष्ट्रीय एकता पर्व में विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई आबंटित राज्यों की कलाकृतियाँ तथा परियोजनाएँ प्रस्तुत की जाएगी । विद्यार्थियों को इन कलाकृतियों को तैयार करने हेतु केविसं से हर प्रकार की सहायता प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीय स्तर के पर्व में अपनी कलाकृतियाँ तथा परियोजनाएँ प्रदर्शित करने हेतु प्रत्येक संभाग को पर्याप्त स्थान उपलब्ध करवाया जाएगा। परियोजनाओं तथा कलाकृतियों की प्रस्तुति के लिए दो विद्यार्थियों (एक छात्र तथा एक छात्रा ) द्वारा अपने संभाग का प्रतिनिधित्व किया जाएगा। ये विद्यार्थी उन्हें आबंटित राज्य तथा देश के परिधान में होंगे। केन्द्रीय

विद्यालय तथा संभागीय स्तर पर कार्यक्रम के तुरंत बाद संबंधित केन्द्रीय विद्यालय / संभाग की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम के परिणाम, फोटो तथा वीडियो अपलोड की जानी चाहिए। फोटो तथा वीडियो को फेसबुक तथा ट्वीटर पर भी पोस्ट किया जाना चाहिए।

3. विद्यालय स्तर पर एकता पर्व को अंतर कक्षा प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया जाना चाहिए। मानविकी समूह तथा भाषा समूह के टीजीटी तथा पीजीटी शिक्षकों को कार्यालय आदेश के माध्यम से कार्य आबंटित किए जाएँ तथा इसे उन शिक्षकों की वर्ष 2019-20 की वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) में रिकॉर्ड किया जाए जो उक्त प्रतियोगिता की तैयारी में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। यह अपेक्षा की जाती है कि विद्यालय स्तर पर एकता पर्व का आयोजन व्यवस्थित ढंग से किया जाना चाहिए जिसमें विद्यार्थियों के अभिभावकों, वीएमसी के सदस्यों तथा अन्य हित धारकों को भी आमंत्रित किया जाए।

4. केविसं के संभागीय तथा राष्ट्रीय स्तर के शिविरों के दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए :-

**क. एक भारत श्रेष्ठ भारत**

(i) राष्ट्रीय समूह नृत्य
(ii) अंतर्राष्ट्रीय समूह नृत्य
(iii) राष्ट्रीय समूह गान
(iv) अंतर्राष्ट्रीय समूह गान
(v) थियेटर
(vi) ऑन द स्पॉट पेंटिंग
(vii) एकल गान
(viii) एकल शास्त्रीय नृत्य
(ix) कलाकृतियों की प्रदर्शनी
(x) परियोजनाएँ

**ख. केविसं साहित्य उत्सव**

(i) वाद-विवाद (हिन्दी और अँग्रेजी)
(ii) प्रश्नोत्तरी
(iii) संस्कृत श्लोक सस्वर पाठ
(iv) हिन्दी काव्य पाठ
(v) अँग्रेजी वक्तृत्व
(vi) हिन्दी काव्य पाठ
(vii) स्पैल बी
(viii) रचनात्मक लेखन (हिन्दी तथा अँग्रेजी)

**ग . केविसं शिक्षकों के लिए संगीत और कला प्रतियोगिता**

(i) संगीत गायन

(ii) संगीत वाद्य

(iii) कला :- रचनात्मक कार्य

(iv) कला :- परंपरागत / लोक कार्य

(v) कला :- यथार्थवादी कार्य

(vi) कला :- कलाकृतियाँ / मूर्तियाँ

5. **संभागीय दल में अधिकतम 81 विद्यार्थी** शामिल होंगे। संभागीय दलों का अनुरक्षण अधिकतम 8 शिक्षकों (जिसमें दो संगतकार तथा महिला शिक्षकों की प्राप्त संख्या होगी) द्वारा किया जाएगा । **संभागीय टीमों का ब्यौरा अनुलग्नक -II पर प्रस्तुत है।**

6. **राष्ट्रीय स्तर पर केविसं राष्ट्रीय एकता पर्व का आयोजन दिनांक 31 अक्तूबर से 03 नवंबर, 2019 तक नई दिल्ली में किया जाएगा।** राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से आयोजित करने हेतु उपायुक्त, केविसं, क्षेत्रीय कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की जाएँगी। उपायुक्त, केविसं, नई दिल्ली द्वारा जल्दी ही राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विवरण की सूचना दी जाएगी।

7. केविसं राष्ट्रीय एकता पर्व 2019-20 का आयोजन विद्यालय, क्लस्टर तथा संभागीय स्तर पर किया जाए। इसके लिए विद्यार्थियों, टीम तथा परियोजनाओं का चयन विवेक के आधार पर किया जाना चाहिए । विद्यालय, क्लस्टर तथा संभागीय स्तर पर आयोजित प्रदर्शनी में अभिभावकों, नजदीकी विद्यालयों, महत्वपूर्ण स्थानीय व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाए। इस कार्यक्रम का आयोजन सभी स्तरों पर पूर्ण उत्साह तथा गंभीरता से किया जाए ताकि इस कार्यक्रम के लक्ष्य एवं उद्देश्यों को पूर्ण रूप से प्राप्त किया जा सके।

8. सभी स्तरों पर विजेताओं के चयन में अत्यंत पारदर्शिता बनाए रखना आयोजक की जिम्मेदारी है। आयोजक को निष्पक्षता सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही प्रत्येक स्तर पर टीमों के निष्पक्ष चयन के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन से बाहर के जजों को नियुक्त किया जाए। इस कार्यक्रम को लोकप्रिय बनाने के लिए केवि / संभाग के सोशल मीडिया अकाउंट का प्रयोग किया जा सकता है।

9. संभागीय टीम के लिए संभागीय स्तर पर राष्ट्रीय शिविर से पूर्व एक शिविर का आयोजन किया जाए । विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने हेतु कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में प्रख्यात संगठनों (स्पाइक मैके इत्यादि) से सुप्रसिद्ध कलाकारों / संसाधन व्यक्तियों की सेवा ली जानी चाहिए। इस शिविर के लिए आयोजन स्थल के प्राचार्य द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रतिभागियों के शैक्षिक नुकसान की भरपाई हो तथा इसका पर्यवेक्षण सहायक आयुक्त द्वारा किया जाना चाहिए।

10. उपायुक्तों से अनुरोध है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाले एस्कॉर्ट शिक्षकों सहित प्रतिभागियों की सूची

कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करवाएँ।

11. राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर **राष्ट्रीय एकता पर्व – एक भारत श्रेष्ठ भारत** में भाग लेने वाली संभागीय टीम को **शरद अवकाश के दौरान अथवा सुविधा के अनुसार अन्य किसी भी समय आबंटित राज्य के दौरे के लिए ले जाया जाएगा।**

12. विद्यार्थी का एक्सचेंज प्रोग्राम 5 दिवस का होगा तथा टीम का नेतृत्व उप-प्राचार्य तथा एस्कॉर्ट शिक्षकों (पर्याप्त संख्या में महिला शिक्षकों सहित) की टीम द्वारा किया जाएगा। संभागीय कार्यालय द्वारा दौरा कार्यक्रम तैयार किया जाएगा तथा इसकी जानकारी मेज़बान संभागीय कार्यालय के उपायुक्त को अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ करने हेतु पर्याप्त समय पूर्व दें।

13. मेज़बान क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आने वाली वाली टीम के ठहरने की व्यवस्था केंद्रीय विद्यालय में की जाएगी । मेज़बान संभाग के उपायुक्त आने वाली टीम के लिए गतिविधियों की योजना तैयार करेंगे जिसमें सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक रुचि के 2 से 3 स्थान, सुप्रसिद्ध स्थानीय कलाकारों से भेंट, स्थानीय कला तथा संस्कृति के प्रदर्शन कार्यक्रम, नृत्य के समय परस्पर समन्वय संबंधी गतिविधियां, नाटक, संगीत, भोजन, वेषभूषा, हस्तशिल्प इत्यादि शामिल होंगे जहां मेहमान टीम के विद्यार्थियों को स्थानीय राज्य की संस्कृति को समझने तथा उसकी विशिष्टता को जानने को अवसर मिल सकेंगे। राष्ट्रीय स्तर की स्पॉट पेंटिंग, समूह गान, समूह नृत्य तथा थियेटर प्रतियोगिताओं में विजेताओं द्वारा एनसीईआरटी द्वारा आयोजित किए जाने वाले कला उत्सव में केविसं का प्रतिनिधित्व किया जाएगा ।

14. विद्यार्थियों के एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए किए गए व्यय का वहन संबंधित विद्यालय की विद्यालय विकास निधि से किया जाएगा। यदि विद्यालय के पास पर्याप्त विद्यालय विकास निधि नहीं है तो इसकी प्रतिपूर्ति क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा केविसं संभागीय वीवीएन खाते से की जानी चाहिए।

भवदीय,

(एस. विजय कुमार) 3/9/19
संयुक्त आयुक्त (शैक्षिक)

**संलग्नक :- यथोपरि।**

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त, केविसं, नई दिल्ली के निजी सचिव।
2. अपर आयुक्त (प्रशासन/शैक्षिक), केविसं, नई दिल्ली के निजी सचिव।
3. समस्त संयुक्त आयुक्त केविसं(मुख्या.), नई दिल्ली के निजी सचिव।
4. उपायुक्त (ईडीपी) को इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को केविसं की वेबसाइट पर अपलोड करवाएँ।

अनुलग्नक – I

## राज्यों तथा देशों का आबंटन

| क्र. सं | संभाग का नाम | राज्य | देश |
|---|---|---|---|
| 1. | आगरा | त्रिपुरा | स्पेन |
| 2. | अहमदाबाद | ओड़ीशा | पुर्तगाल |
| 3. | बेंगलुरु | पंजाब | मलेशिया |
| 4. | भोपाल | असम | स्वीटज़रलैंड |
| 5. | भुवनेश्वर | गुजरात | जर्मनी |
| 6. | चंडीगढ़ | कर्नाटक | रूस |
| 7. | चेन्नै | उत्तराखंड | डेनमार्क |
| 8. | देहरादून | तमिलनाडु | मेक्सिको |
| 9. | दिल्ली | जम्मू तथा कश्मीर | जापान |
| 10. | एर्णाकुलम | बिहार | दक्षिण कोरिया |
| 11. | गुड़गाँव | झारखंड | ग्रीस |
| 12. | गुवाहाटी | मध्य प्रदेश | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 13. | हैदराबाद | राजस्थान | चीन |
| 14. | जबलपुर | नागालैंड | न्यूज़ीलैंड |
| 15. | जयपुर | आंध्र प्रदेश | कनाडा |
| 16. | जम्मू | दिल्ली | ऑस्ट्रेलिया |
| 17. | कोलकाता | महाराष्ट्र | मिस्र |
| 18. | लखनऊ | अरुणाचल प्रदेश | इंडोनेशिया |
| 19. | मुंबई | पश्चिम बंगाल | म्यांमार |
| 20. | पटना | केरल | श्रीलंका |
| 21. | रायपुर | मणिपुर | अफगानिस्तान |
| 22. | रांची | हरियाणा | थाइलैंड |
| 23. | सिलचर | उत्तर प्रदेश | इटली |
| 24. | तिनसुकिया | छत्तीसगढ़ | पोलैंड |
| 25. | वाराणसी | मिज़ोरम | दक्षिण अफ्रीका |

## विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता का विवरण

### क. एक भारत श्रेष्ठ भारत

| क्र. सं | प्रतियोगिता | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय समूह नृत्य | 13 |
| 2. | अंतर्राष्ट्रीय समूह नृत्य | 13 |
| 3. | राष्ट्रीय समूह गान | 12 |
| 4. | अंतर्राष्ट्रीय समूह गान | 12 |
| 5. | थियेटर | 7 |
| 6. | ऑन द स्पॉट चित्रकला | 1 |
| 7. | एकल गान | 1 |
| 8. | एकल शास्त्रीय नृत्य | 1 |
| 9. | एकल वाद्य | 1 |
| 10. | कलाकृतियों / परियोजनाओं की प्रदर्शनी | 2 |
| कुल योग | | 63 |

### ख. केविसं साहित्य उत्सव

| क्र. सं | प्रतियोगिता | समूह | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | वाद-विवाद (हिन्दी तथा अँग्रेजी) | | 4 |
| 2. | प्रश्नोत्तरी | | 2 |
| 3. | संस्कृत श्लोक वाचन | 2(VI to VIII तथा IX to XII) | 1+1 |
| 4. | अँग्रेजी वक्तृत्व | 2(VI to VIII तथा IX to XII) | 1+1 |
| 5. | हिन्दी काव्य पाठ | 2(VI to VIII तथा IX to X!I) | 1+1 |
| 6. | स्पैल – बी | 2(VI to VIII तथा IX to XII) | 1+1 |
| 7. | रचनात्मक लेखन | 2(VI to VIII तथा IX to XII) | 1+1 |
| 8. | कहानी सुनाना | 2(VI to VIII तथा IX to XII) | 1+1 |
| **कुल योग** | | | **18** |

राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी के लिए चयनित टीम में कुल विद्यार्थियों की संख्या 81 होगी जिनके साथ 8 शिक्षक एस्कॉर्ट (जिनमें महिला शिक्षकों की भी पर्याप्त संख्या होगी ) होंगे।

उपर्युक्त वर्णित विद्यार्थियों की संख्या (81) तथा एस्कॉर्ट शिक्षकों (8) द्वारा नियमों का पालन किया जाना चाहिए।

प्रदर्शनी के दौरान ड्रेस कोड विद्यालय की यूनिफ़ोर्म होगी।

ग. केविसं के शिक्षकों के लिए संगीत तथा कला प्रतियोगिता

| क्र. सं | श्रेणी | शिक्षकों की संख्या |
| --- | --- | --- |
| 1. | संगीत वाचन | 1 |
| 2. | संगीत वाद्य | 1 |
| 3. | कला-रचनात्मक कार्य | 1 |
| 4. | कला-परंपरागत / लोक कार्य | 1 |
| 5. | कला – वास्तविक कार्य | 1 |
| 6. | कला – कलाकृतियाँ / मूर्ति कला | 1 |
| कुल योग | | 6 |

संगीत एवं कला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले चयनित शिक्षकों द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत तथा साहित्य उत्सव में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जाएगा तथा साथ ही उन्हें प्रशिक्षित भी किया जाएगा।

## प्रतियोगिताओं का विवरण

**I. केविसं राष्ट्रीय एकता पर्व 2019 की परियोजना के लिए विषय निम्नवत हैं :-**

1. आबंटित राज्य के सामाजिक विकास में महिलाओं की भूमिका।
2. आवंटित राज्य और देश में धार्मिक महत्व के स्थान।
3. आबंटित राज्य तथा देश की सांस्कृतिक विविधता।

**II. वाद-विवाद हेतु विषय**

1. सभा के मतानुसार "धर्म तथा राजनीति को आपस में नहीं जोड़ना चाहिए।"

**हिन्दी में वाद-विवाद प्रतियोगिता हेतु विषय (संभाग स्तर पर) –**
सभा की राय में "विधायिका में महिलाओं के लिए आरक्षण विधायिका को मजबूत करेगा।"

**III. प्रश्नोत्तरी हेतु विषय**

1. महात्मा गांधी का जीवन एवं दर्शन

## केविसं राष्ट्रीय एकता शिविर के आयोजन के लिए दिशानिर्देश

### 1. समूह नृत्य

क्षेत्रीय कार्यालयों / संभागों द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला समूह उन्हें आबंटित राज्य/देश से संबंधित होना चाहिए। नृत्य के लिए अधिकतम निर्धारित समय घोषणा सहित 06 (छह) मिनट होगा। छह से दस प्रतिभागियों को मंच पर रहने की अनुमति होगी और न्यूनतम चार व्यक्ति शामिल होंगे जिनमें पार्श्व संगीत और गीत के लिए संगीत शिक्षक भी शामिल होंगे । केवि से बाहर के किसी भी व्यक्ति को अभिनय/ गाने की अनुमति नहीं होगी। पूर्व-संशोधित कैसेट या किसी अन्य रिकॉर्ड किए गए उपकरण की अनुमति नहीं होगी। समूह नृत्य का प्रदर्शन संबंधित राज्य और देश की वेशभूषा में किया जाएगा।

नृत्य के लिए आबंटित अंक निम्नानुसार हैं : -

| | |
|---|---|
| वेशभूषा | 25 |
| समन्वय | 25 |
| संगीत के साथ सामंजस्य | 25 |
| पार्श्व संगीत/गीत | 25 |
| **कुल** | **100** |

### 2. समूह गान

समूह गान की अवधि घोषणा सहित 4-5 मिनट होगी। मंच पर 6-10 प्रतिभागियों की अनुमति होगी जिसमें पार्श्व संगीत के लिए संगीत शिक्षक सहित 05 व्यक्ति भी शामिल हैं। समूह गान आबंटित राज्य और देश की भाषा में होगा । गीत का विषय देशभक्ति, राष्ट्रीय एकीकरण, सामाजिक सामंजस्य, युवा/महिला सशक्तिकरण या संबंधित राज्य और देश के लोकगीत हो सकते हैं। अंकों का विभाजन निम्नानुसार होगा: -

| | |
|---|---|
| वेशभूषा | 20 |
| विषय | 20 |
| सामंजस्य | 20 |
| राग | 20 |
| पृष्ठभूमि संगीत | 20 |
| **कुल** | **100** |

गीत/ नृत्य की घोषणा 15 सेकंड से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### 3. रंगमच (थियेटर)

सामाजिक मुद्दों (अर्थात लिंग, जनसंख्या, स्वास्थ्य, पर्यावरण, शिक्षा आदि) से संबंधित किसी भी विषय पर नाटक होगा और जिसकी भाषा अंग्रेजी या हिंदी होगी। प्रहसन (स्किट) की अवधि 10 से 12 मिनट होगी। स्थल प्रधानाचार्य को प्रहसन की आवश्यकता के आधार पर कार्यक्रम के लिए उचित प्रकाश और ध्वनि व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। संबंधित संभाग को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि, वे मंच के संसाधनों और आवश्यकताओं को कम से कम रखें। स्थल प्रधानाचार्य आधारभूत मंच सामग्री प्रदान करेगा। क्षेत्र द्वारा चयनित सर्वश्रेष्ठ नाटक को आगे प्रायोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए अंकों का विभाजन निम्नानुसार होगा :

| | |
|---|---|
| विषय और कथानक | 25 |
| अभिनय और संवाद प्रस्तुति | 25 |
| मंच सज्जा और निर्देशन | 25 |
| समग्र प्रभाव | 25 |
| **कुल** | **100** |

### 4. स्थल पर की जाने वाली चित्रकारी (ऑन द स्पॉट पेंटिंग)

- विद्यार्थियों को ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए विषय दिया जाएगा। प्रतियोगिता के दिन ही विषय का खुलासा किया जाएगा।
- अधिकतम आबंटित समय 90 मिनट होगा।

### 5. एकल गायन प्रतियोगिता

आबंटित राज्य/देश का लोक गीत /ग़ज़ल (गैर-फ़िल्मी) होगा। संबंधित संभाग यह सुनिश्चित करेगा कि वे प्रविष्टियाँ, शालीनता के संदर्भ में उपयुक्त हैं। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि एकल गायन प्रतियोगिता के प्रतिभागी को समूह गीत प्रतियोगिता और समूह गान प्रतियोगिता के प्रतिभागी को एकल गायन प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाना चाहिए।

प्रतिभागी को तीन अन्य छात्रों द्वारा पार्श्व संगीत स्वर संगति प्रदान की जा सकती है, लेकिन साथ देने वाले छात्र केविसं एक भारत श्रेष्ठ भारत की अन्य गतिविधियों के लिए पहले से ही चुने गए प्रतिभागियों

में से होने चाहिए । इसके लिए किसी भी अतिरिक्त प्रतिभागियों को विशेष रूप से नहीं चुना जाना चाहिए । अंकों का विभाजन निम्नानुसार होगा :

| क्रम संख्या | क्षेत्र | अंक |
|---|---|---|
| 1. | सुर | 25 |
| 2. | ताल एवं लय | 25 |
| 3. | शब्द एवं भाव में सामंजस्य | 25 |
| 4. | समग्र प्रभाव | 25 |
| | **कुल** | **100** |

## 6. एकल शास्त्रीय नृत्य

संभाग द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला एकल शास्त्रीय नृत्य भारतीय शास्त्रीय नृत्यों में से होना चाहिए । घोषणा सहित नृत्य के लिए अधिकतम समय 5 मिनट होगा । यह प्रतिभागी का उत्तरदायित्व है कि वह पार्श्व गीत/ संगीत की तैयारी के साथ आए । प्रतिभागी को पूर्व रिकॉर्ड संगीत यंत्र के साथ भाग लेना होगा । नृत्य के लिए आबंटित अंक निम्नानुसार है: -

| | |
|---|---|
| पोशाक और श्रृंगार | 25 |
| कदम /मुद्राएं | 25 |
| चेहरे के भाव/समग्र प्रभ व | 25 |
| पार्श्व संगीत/ताल | 25 |
| **कुल** | 100 |

## 7. एकल वाद्य

वाद्य प्रतियोगिता में अर्ध शास्त्रीय संगीत के लिए सितार, बांसुरी, गिटार, बैंजो, हार्मोनिका, एकॉर्डियन, सारंगी आदि जैसे वाद्य यंत्र शामिल होंगे। तबला वाद्ययंत्र को केवल संगतकार ही बजा सकता है । यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि एकल वाद्य प्रतियोगिता के छात्र को समूह गान/नृत्य प्रतियोगिता और इसके विपरीत में शामिल नहीं किया जाना चाहिए । प्रतिभागियों को अन्य गतिविधियों के लिए चुने गए प्रतिभागियों में से दो संगत छात्रों या शिक्षकों का चयन करने की अनुमति दी जाएगी । अंकों का विभाजन निम्नानुसार होगा :

| क्रम संख्या | क्षेत्र | अंक |
|---|---|---|
| 1. | सुर | 25 |
| 2. | ताल एवं लय | 25 |
| 3. | उपकरणों पर दक्षता | 25 |
| 4. | समग्र प्रभाव | 25 |
| | कुल | **100** |

## 8. कलाकृतियों का प्रदर्शन

कलाकृतियों को आबंटित राज्य की समृद्ध संस्कृति कला और मूल्यों का प्रतिनिधित्व करना चाहिए। कलाकृतियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रत्येक क्षेत्र को स्टॉल आबंटित किए जाएंगे। उपायुक्त, केविसं, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली द्वारा बाद में स्टॉल के क्षेत्र संबंधी सूचना दी जाएगी। स्टॉल को आकर्षक, रंगीन और आबंटित राज्यों और देश की कला और संस्कृति को दर्शाती उच्च मानक कलाकृतियों के साथ समृद्ध किया जाना चाहिए जिससे राष्ट्रीय एकीकरण के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रसारित किया जा सके।

## 9. परियोजना

**परियोजना कार्य की रिपोर्ट लिखने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जाएंगे**

1. डेटा - संग्रह या सर्वेक्षण
2. डेटा का विश्लेषण - गुणात्मक और मात्रात्मक
3. रिपोर्टिंग (लेखन)
4. निष्कर्ष / भविष्यवाणियाँ
5. पावती
6. ग्रंथ सूची - सभी संदर्भों का उल्लेख करें।
7. शुरुआत में छात्रों, शिक्षक गाइड और प्रिंसिपल द्वारा एक प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर किए जाते हैं जिसमें यह दावा किया जाता है कि यह काम मौलिक है।

**परियोजना कार्य में निम्नलिखित शामिल होने चाहिए:**

परियोजना कार्य के लिए 2 से 5 छात्रों का समूह होना चाहिए। रिपोर्ट का संकलन विशेष रूप से 20 से 25 पृष्ठों का होना चाहिए। परियोजना में छायाचित्र, चित्रण, चित्रकारी, ग्राफ आदि शामिल होने चाहिए। परियोजना की मुख्य सामग्री प्राथमिक डेटा होनी चाहिए।

**टिप्पणी : - परियोजना कार्य में निम्नलिखित कार्य शामिल नहीं हैं।**

परियोजना में चार्ट या मॉडल तैयार करना और पाठ्य-पुस्तकों/पुस्तकों से सामग्री की नकल करना शामिल नहीं है। पाठ्य-पुस्तकों से सामग्री की नकल करना या इंटरनेट से प्रिंट लेना, इंटरनेट से जानकारी कट और पेस्ट करना शामिल नहीं होना चाहिए।

## केविसं साहित्य उत्सव के संचालन के लिए दिशानिर्देश

### 1. वाद-विवाद

अंग्रेजी/हिंदी वाद-विवाद के लिए विषय की सूचना पहले ही दे दी गई है।

प्रत्येक संभाग हिंदी और अंग्रेजी के लिए अलग- अलग दो वक्ताओं को एक 'पक्ष' और दूसरे को 'विपक्ष' से प्रायोजित करेगा। वाद-विवाद 05 मिनट की अवधि की होगी, जिसमें न्यूनतम 01 मिनट (दोहराना होगा) खंडन और प्रत्यावर्तन के लिए होना चाहिए। पहले दो वक्ताओं; एक को प्रस्ताव के 'पक्ष' और दूसरे को 'विपक्ष' में बोलने के लिए केवल चार मिनट और अंत में एक मिनट खंडन और प्रत्यावर्तन में उनकी भागीदारी के लिए दिया जाएगा। प्रस्ताव के लिए बोलने वाले पहले वक्ता को दोनों वक्ताओं के बोलने के बाद खंडन हेतु एक मिनट का समय दिया जाएगा। वाद-विवाद के लिए अंकों का विभाजन निम्नानुसार होगा:

| | |
|---|---|
| सामग्री | 30 |
| प्रदर्शन | 40 |
| खंडन और प्रत्यावर्तन | 30 (यदि खंडन भाग पर नहीं बोला गया है तो किसी भी अंक की अनुमति नहीं होगी) |
| **कुल** | **100** |

इस कार्य का उद्देश्य रटने की आदत को हतोत्साहित करना और तार्किक विचार प्रक्रिया, उच्चारण, प्रवाह और आत्मविश्वास के साथ सहज बोलने को प्रोत्साहित करना है।

## 2. प्रश्नोत्तरी

प्रश्नोत्तरी राष्ट्रीय एकता महोत्सव की एक अन्य नियमित विशेषता है। प्रश्नोत्तरी अंग्रेजी में आयोजित की जाएगी और इसका विषय **"महात्मा गांधी का जीवन और दर्शन"** होगा। यह दो चरणों में होगी। प्रारंभिक दौर एक लिखित दौर होगा जिसमें हर संभाग से अधिकतम दो छात्र भाग लेंगे। चार शीर्ष स्कोरिंग टीम फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई करेंगी। अंतिम दौर में, चयनित टीम का प्रतिनिधित्व संबंधित क्षेत्र के दो छात्रों द्वारा किया जाएगा। प्रश्नोत्तरी ऑडियो और विजुअल राउंड के साथ मौखिक होगी।

## 3. संस्कृत श्लोक वाचन / हिंदी काव्य पाठ / अंग्रेजी भाषण

प्रत्येक समूह (कक्षा VI से VIII और कक्षा IX से XII तक) का एक छात्र राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगा। चयनित श्लोक / कविता का विषय देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सामंजस्य, युवा/महिला सशक्तिकरण या लोकगीत हो सकता है। अंकों का विभाजन निम्नानुसार होगा :

| | |
|---|---|
| विषय | 25 |
| उच्चारण और शब्द-चयन | 25 |
| आवाज का उतार-चढ़ाव और नियंत्रण (उच्चारण) | 25 |

| | |
|---|---|
| संपूर्ण प्रस्तुति | 25 |
| **कुल** | **100** |

## 4. स्पैल बी

यह अंग्रेजी शब्द वर्तनी की प्रतियोगिता है। प्रत्येक समूह का एक छात्र (कक्षा VI से VIII और कक्षा IX से XII तक) राष्ट्रीय स्तर पर संभाग का प्रतिनिधित्व करेगा। राष्ट्रीय स्तर पर एक स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित किया जाएगा और प्रत्येक वर्ग के सर्वश्रेष्ठ पांच छात्रों को फाइनल स्पेल बी प्रतियोगिता के लिए चुना जाएगा।

## 5. रचनात्मक लेखन

**प्रत्येक समूह का एक छात्र** (कक्षा VI से VIII और कक्षा IX से XII तक) **राष्ट्रीय स्तर** पर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगा। प्रतियोगिता हिंदी और अंग्रेजी में होगी। एक छात्र हिंदी में और दूसरा अंग्रेजी में भाग लेगा। विषय की घोषणा प्रतियोगिता के दिन ही की जाएगी।

**अधिकतम आबंटित समय 90 मिनट है**

| | |
|---|---|
| रचनात्मक सामग्री | 25 |
| प्रासंगिकता | 25 |
| प्रवाह | 25 |
| शुद्धता | 25 |
| **कुल** | **100** |

## 6. कहानी सुनाना

कहानी सुनाने की प्रतियोगिता का उद्देश्य भाषा का उपयोग करने, सुनने और बोलने के कौशल को बेहतर बनाने और एक रोचक, प्रामाणिक और रचनात्मक तरीके से व्यक्त करने का अवसर प्रदान करना है। प्रस्तुत कहानियाँ प्रामाणिक, अपनाई गई या मूल रूप से लिखी हो सकती हैं। प्रस्तुत कहानियाँ संवेदनशील मुद्दों जैसे कि जाति, धर्म, रूढ़िवादिता, राजनीति इत्यादि पर नहीं होनी चाहिए। कहानियां, शैक्षिक विषयवस्तु पर होनी चाहिए। मंच की सामग्री, पृष्ठभूमि और ध्वनि प्रभाव की अनुमति नहीं है।

कहानी की अवधि 03 मिनट से अधिक नहीं होगी। समय सीमा को सख्ती से लागू किया जाएगा। कहानी को याद किया जाना चाहिए न कि पढ़ा जाना चाहिए। हाथ की हरकतों और चेहरे की अभिव्यक्ति की अनुमति है लेकिन नाटकीयता निषिद्ध है।

- भाषा प्रवीणता: - 15 अंक
- प्रस्तुति/कहना: - 15 अंक
- विषय / कहानी: - 15 अंक
- समग्र प्रभाव: - 05 अंक

भाषा प्रवीणता में सही, स्पष्ट और सटीक उच्चारण, स्पष्ट प्रतिपादन और आवाज़ का उतार-चढ़ाव, व्याकरण का सही उपयोग, शब्दों का उपयुक्त और प्रभावी चुनाव, भाषण का प्रवाह आदि शामिल है।

प्रस्तुति और कहने में आवाज में उतार-चढ़ाव, आवाज निकालना और स्पष्टता शामिल है।

विषय/कहानी में रुचि, अपील, महत्व, अर्थ का प्रभाव, सुसंगतता और एकीकृत मूल्य शामिल हैं। कहानी हिंदी या अंग्रेजी में सुनाई जा सकती है।

**शिक्षकों के संगीत और कला प्रतियोगिता के संचालन हेतु दिशानिर्देश**

1. **संगीत प्रतियोगिता के लिए दिशानिर्देश :**

    I. **यह प्रतियोगिता केवल शिक्षकों के लिए होगी।**

    II. **घोषणा सहित आबंटित अधिकतम समय चार मिनट होगा।**

    III. मौखिक प्रतियोगिता के लिए अंकों का विभाजन निम्नानुसार होगा:

| **क्रम संख्या** | **क्षेत्र** | **अंक** |
|---|---|---|
| 1. | सुर | 25 |
| 2. | ताल एवं लय | 25 |
| 3. | शब्द-भाव में सामंजस्य | 25 |
| 4. | समग्र प्रभाव | 25 |

| | कुल | 100 |
|---|---|---|

IV. मौखिक प्रतियोगिता सुगम संगीत में होगी।

V. गीत, भजन, ग़ज़ल, लोक गीत, ठुमरी, दादरा, चैती इत्यादि विषय होंगे। लोकप्रिय कलाकारों द्वारा गाए गए फिल्मी गीत और एल्बम के गीतों के लिए अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

VI. वाद्य प्रतियोगिता में, अर्ध शास्त्रीय संगीत के लिए सितार, बांसुरी, गिटार, बैंजो, हारमोनिका और वायलिन आदि जैसे वाद्य यंत्र शामिल होंगे। आघात वाद्य यंत्र का उपयोग केवल संगतकार के रूप में किया जाएगा।

VII. संगीत वाद्य यंत्र के लिए अंकों का विभाजन इस प्रकार होगा:

| क्रम संख्या | क्षेत्र | अंक |
|---|---|---|
| 1. | सुर | 25 |
| 2. | ताल एवं लय | 25 |
| 3. | उपकरणों पर दक्षता | 25 |
| 4. | समग्र प्रभाव | 25 |
| | कुल | 100 |

2. <u>कला प्रतियोगिता के लिए दिशानिर्देश</u>

1. संबंधित क्षेत्रों में सभी टीजीटी (कला शिक्षा) के लिए क्षेत्रीय स्तर पर **प्रतियोगिता** पहले आयोजित की जाएगी। इसके बाद, प्रत्येक क्षेत्र से चार विजेता प्रविष्टियों को प्रस्तुति के लिए दिल्ली लाया जाएगा।

2. **काम की श्रेणियाँ:** 4 प्रविष्टियाँ इस प्रकार चुनी जा सकती हैं:

क. 3 कला कार्य - (रचनात्मक कार्य / पारंपरिक / लोक कार्य / यथार्थवादी कार्य)।

ख. 1 कलाकृति - (तीन आयामी प्रतिनिधि या अमूर्त रूप, विशेष रूप से पत्थर या लकड़ी पर नक्काशी या धातु, प्लास्टर या प्राकृतिक सामग्री की ढलाई आदि द्वारा)।

3. **कला कार्य** समकालीन कला होना चाहिए – जिसमें लघु सामग्री आदि सहित यथार्थवादी या अर्ध सार या पारंपरिक और लोक कला शामिल है।

4. **सामग्री:** - कैनवस पर ऐक्रेलिक; परंपरा या मिश्रित मीडिया के माध्यम पर पोस्टर/पानी के रंग या प्राकृतिक रंग। इसलिए इसका विवरण प्रविष्टि फॉर्म में दिया जाएगा जिसमें प्रयोग किए गए माध्यम और सामग्री को दर्शाया जाएगा।

5. **आकार**: कार्य निम्नलिखित किसी भी आकार में प्रस्तुत किया जाना चाहिए :

   क. 2 x 3 फीट का आकार (फ्रेम के आकार सहित) - पेंटिंग के लिए

   ख. 2 x 1.5 फीट का आकार (फ्रेम के आकार सहित) - पेंटिंग के लिए

   ग. मूर्तिकला के लिए 2 फीट की ऊँचाई का आकार

6. **फ्रेमिंग-** उपयुक्त ढ़ांचे के साथ प्राकृतिक लकड़ी के रंग में 2" चौड़ाई का सादा फ्रेम; यदि काम कैनवास पर किया जाता है, तो इसे फ्रेम पर किया जाना चाहिए। अन्यथा काम को फ्रेमिंग से पहले 1.5" के सादे ढ़ांचे पर रखा जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि काम पर कला-कार्य पर फ्रेम के प्रभाव से बचने के लिए फ्रेम के लिए कोई विशेष डिज़ाइन का उपयोग नहीं किया जाए। इसलिए कला-कार्य के आकार का निर्णय कलाकार द्वारा किया जा सकता है।

7. कार्यों में तटस्थता और सार्वभौमिक अपील के **सिद्धांत** को बनाए रखा जाना चाहिए। किए गए कार्य में किसी की भावना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। इसलिए, किसी भी विवादास्पद वस्तुओं को शामिल नहीं किया जाएगा।

8. 'काम में फोकस' पर कलाकार की रचनात्मकता, संदेश की स्पष्टता, और सौंदर्यशास्त्र प्रतिबिंबित होना चाहिए।